आरोग्यम् सुख सम्पदा

13वां वार्षिक प्रतिवेदन

2024-25



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)

सत्यमेव जयते



श्री जगत प्रकाश नड्डा
SHRI JAGAT PRAKASH NADDA
माननीय केंद्रीय मंत्री
Hon'ble Union Minister
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक, भारत सरकार
Health & Family Welfare and Chemicals & Fertilizers, Government of India



श्री प्रतापराव जाधव
Shri Prataprao Jadhav
माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
आयुष मंत्रालय
Hon'ble Minister of State (Independent Charge)
Ministry of Ayush
व
and
माननीय राज्य मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
Hon'ble Minister of State
Ministry of Health & Family Welfare, Government of India



श्रीमती अनुप्रिया पटेल
Smt. Anupriya Patel
माननीय राज्य मंत्री
Hon'ble Minister of State
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं
उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Health & Family Welfare and
Chemicals & Fertilizers, Government of India

आरोग्यम् सुख सम्पदा

13वां वार्षिक प्रतिवेदन

2024-25

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)

आरोग्यम् सुख सम्पदा

13वां वार्षिक प्रतिवेदन

2024-25

संयुक्त रूप से संपादित:

प्रो.(डॉ.) एली महापात्र
अधिष्ठाता (शैक्षिक) एवं विभागाध्यक्ष, जैव रसायन विभाग
लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मवीर सिंह चौहान
उप-निदेशक (प्रशासन)
श्री मिलिंद मजुमदार
कुलसचिव
डॉ. संतोष राव
प्राध्यापक, दंत चिकित्सा विभाग
डॉ. लोकेश कुमार सिंह
प्राध्यापक, मनोचिकित्सा विभाग
डॉ. विनीता सिंह
प्राध्यापक, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
डॉ. सत्याकी गांगुली
प्राध्यापक, त्वचा रोग विभाग
श्री शिव शंकर शर्मा
जनसंपर्क अधिकारी

आईएसबीएन नंबर : 978-81-950642-4-3

आरोग्यम् सुख सम्पदा

एम्स रायपुर एक नज़र में- 2024-25

शैक्षणिक विवरण

(क) एम्स रायपुर की क्षमता:

1.	शिक्षण विभाग	40
2.	संकाय सदस्य (क) चिकित्सा (ख) नर्सिंग	198 (क) 192 (ख) 6
3.	गैर-संकाय कर्मचारी	3378

(ख) वार्षिक प्रवेश (वित्त वर्ष 2024-25):

चिकित्सा छात्र	125
नर्सिंग छात्र	75

अस्पताल सेवाएँ

अस्पताल/केंद्र	बाह्य रोगी (आपात चिकित्सा सहित)	प्रवेश	शल्य चिकित्सा (शल्य क्रियाएं/ प्रक्रियाएँ)	सामान्य शय्या (बैड)
मुख्य अस्पताल	9,64,671	50,459	वृहत- 12,717 लघु- 8,578	960

विषय-सूची

1.	निदेशक समीक्षा	07
2.	संस्थान और इसकी समितियाँ	10
3.	अकादमिक एवं परीक्षा अनुभाग	14
4.	प्रशासनिक विभाग	23
	(क) जनसंपर्क विभाग	24
	(ख) भर्ती प्रकोष्ठ	24
	(ग) राजभाषा प्रकोष्ठ	25
	(घ) सुरक्षा	28
5.	वित्त एवं लेखा विभाग	30
6.	अभियांत्रिकी शाखा	31
7.	चिकित्सालय एवं केंद्रीय चिकित्सा अभिलेख विभाग	35
8.	चिकित्सा शिक्षण इकाई विभाग	38
9.	नर्सिंग महाविद्यालय	41
10.	शारीरिक रचना विज्ञान विभाग	69
11.	निश्चेतना विज्ञान विभाग	73
12.	आयुष	88
13.	जैव रसायन विभाग	97
14.	बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी विभाग	110
15.	हृदयरोग विभाग	113
16.	कार्डियोवस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी विभाग	117
17.	क्लिनिकल हिमेटोलॉजी विभाग	121
18.	सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग	123
19.	दंत चिकित्सा विभाग	141
20.	त्वचा रोग विभाग	154
21.	अंतःस्त्राव विज्ञान एवं उपापचय विभाग	164
22.	कान-नाक-गला और हैड एवं नेक सर्जरी विभाग	173
23.	विधि वैद्यक एवं विष विज्ञान विभाग	186
24.	सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग	194
25.	सामान्य चिकित्सा विभाग	197

26.	सामान्य शल्य चिकित्सा विभाग	221
27.	मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग	230
28.	सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग	233
29.	नवजात विज्ञान विभाग	252
30.	न्यूरोलॉजी विभाग	257
31.	न्यूरोसर्जरी विभाग	261
32.	नेफ्रोलॉजी विभाग	269
33.	नाभिकीय चिकित्सा विभाग	281
34.	स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग	287
35.	नेत्र रोग विभाग	298
36.	अस्थि रोग विभाग	309
37.	बाल चिकित्सा विभाग	322
38.	बाल शल्य चिकित्सा विभाग	339
39.	पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग	344
40.	फार्माकोलॉजी विभाग	360
41.	भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास विभाग	381
42.	फिजियोलॉजी विभाग	386
43.	मनोचिकित्सा विभाग	401
44.	पल्मोनरी चिकित्सा, क्रिटिकल केयर एवं स्लीप मेडिसिन विभाग	412
45.	रेडियो डायग्नोसिस विभाग	422
46.	विकिरण कैंसर चिकित्सा विभाग	437
47.	ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन और ब्लड बैंक विभाग	443
48.	ट्रॉमा एवं आपातकालीन चिकित्सा विभाग	449
49.	मूत्ररोग एवं गुर्दा प्रत्यारोपण विभाग	460
50.	केंद्रीय पुस्तकालय	465
51.	संस्थान सदाचार समिति	466
52.	संस्थान अनुसंधान प्रकोष्ठ	473
53.	आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी)	478
54.	जन स्वास्थ्य विद्यालय	479
55.	रैगिंग निरोधक समिति	484
56.	वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक और लेखा परीक्षा रिपोर्ट	487

आरोग्यम् सुख सम्पदा

एम्स - संगठन संरचना



निदेशक समीक्षा



मुझे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर की वर्ष 2024-25 की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह वर्ष रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान नवाचार में श्रेष्ठता के प्रति संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण रहा है।

एम्स रायपुर ने अपने बुनियादी ढांचे, नैदानिक सेवाओं एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के विस्तार और संवर्धन में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की है। संस्थान के समर्पित संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने छत्तीसगढ़ एवं ओड़िसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश के पड़ोसी जिलों के लोगों को समग्र, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के संस्थान के मिशन को बनाए रखने के लिए अथक प्रयास किया है।

संस्थान ने योग्यता-आधारित चिकित्सा शिक्षा को अपनाकर, नए स्नातकोत्तर और सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम शुरू करके तथा निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देकर अपने शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ करना जारी रखा है। वर्तमान में संस्थान प्रतिवर्ष 125 एमबीबीएस और 75 बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग छात्रों को प्रवेश देता है, 28 विषयों में एमडी/एमएस/एमडीएस में 161 सीटें हैं, जिनमें 4 प्रायोजित सीटें सम्मिलित हैं, 23 विषयों में सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम डीएम/एमसीएच में 69 सीटें हैं, जिनमें 22 प्रायोजित सीटें सम्मिलित हैं, 19 विषयों में पीडीसीसी पाठ्यक्रम में 51 सीटें हैं, जिनमें 11 प्रायोजित सीटें सम्मिलित हैं, 10 विषयों में पीएचडी पाठ्यक्रम में 20 सीटें हैं, एमपीएच में 10 सीटें हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से 4 प्रायोजित सीटें शामिल हैं, एमएससी (नर्सिंग) में 10 सीटें हैं और संबंध स्वास्थ्य पाठ्यक्रम में प्रति वर्ष 37 सीटें हैं। एम्स रायपुर भारत में मेडिकल और फोरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी और बाल आपातकालीन चिकित्सा में डीएम पाठ्यक्रम प्रदान करने वाला सर्वप्रथम संस्थान हैं।

नैदानिक मोर्चे पर, एम्स रायपुर में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि चिह्नित की गई है, जो कि संस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। संस्थान विभिन्न स्पेशियलिटी और सुपर-स्पेशियलिटी विभागों में 960 बिस्तरों के साथ सभी निर्दिष्ट ओपीडी सेवाएं और आईपीडी देखभाल प्रदान कर रहा है। रोगियों के पंजीकरण, बिलिंग, डिस्चार्ज और रिकॉर्ड रखने के लिए ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध हैं। यह संस्थान आयुष्मान भारत की सुविधा शुरू करने वाले राष्ट्रीय महत्व के पहले संस्थानों में से एक है। वर्ष 2024 में आयुष्मान भारत के अंतर्गत 34,333 रोगी लाभान्वित हुए हैं। संस्थान को स्वास्थ्य रिकॉर्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) से जोड़ने में शीर्ष सरकारी सुविधा में द्वितीय स्थान प्राप्त है एवं स्कैन और शेयर टोकन बनाने में तृतीय शीर्ष सुविधा वाला संस्थान माना गया है।

विभिन्न स्पेशियलिटी और सुपर-स्पेशियलिटी विभाग उच्च स्तरीय मशीनरी से सुसज्जित हैं। संस्थान में अत्याधुनिक सिमुलेशन लैब है जो स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करती है। रोगियों हेतु इन-हाउस डायग्नोस्टिक्स सुविधाएँ उपलब्ध हैं। अंग प्रत्यारोपण सहित उच्च-स्तरीय शल्य चिकित्सा भी की जा रही है। हृदयरोग विभाग ने दूसरी कैथ लैब शुरू करके अपनी सेवाओं का विस्तार किया है। संस्थान ने छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम नार्कोएनालिसिस परीक्षण भी किया है।

यह अत्यंत गर्व की बात है कि एम्स रायपुर के जैव रसायन विभाग को आईएसओ 15189:2022 मानकों के अंतर्गत

एनएबीएल मान्यता प्राप्त करने वाली छत्तीसगढ़ की सर्वप्रथम सरकारी प्रयोगशाला बन गई है। यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला एम्स, नई दिल्ली सहित अन्य सभी एम्स में से दूसरा संस्थान है।.

एम्स रायपुर विभिन्न विभागों के विशेष नैदानिक सेवाओं और आयुष सेवाओं को संचालित कर रहा है। दिनांक 23 नवंबर, 2017 को एम्स रायपुर में सिकल सेल स्पेशियलिटी क्लिनिक शुरू किया गया। सिकल सेल रोगियों को एम्स रायपुर में सिकल सेल कार्ड प्राप्त है। सिकल सेल समिति द्वारा नियमित रूप से जन जागरूकता, जांच (स्क्रीनिंग) और सीएमई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक, सिकल सेल रोग से पीड़ित 1143 वयस्क और 682 बाल रोगियों को एम्स रायपुर के सिकल सेल क्लिनिक में नामांकित किया गया है।

राज्य सरकार और यूनिसेफ के सहयोग से बाल-चिकित्सा विभाग द्वारा एम्स रायपुर में गंभीर कुपोषण के रोगियों के लिए राज्य उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई है। मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि संस्थान के प्रयासों से कुपोषण दर (अल्पपोषण) को 31% (एनएफएचएस-5) से घटाकर 12.9% (पोषण ट्रैकर सितंबर 2024) करने में सहायता मिली है। संस्थान ने इस कार्यक्रम में एसएएम और एमएएम से पीड़ित 1,20,000 से अधिक बच्चों के नामांकन में सहायता की है। गत एक वर्ष में 466 एनआरसी की टेली-मॉनिटरिंग और टेली-मेंटरिंग के परिणामस्वरूप इलाज की दर 68% से बढ़कर 80% हो गई है।

मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना के अंतर्गत राज्य सरकार के सहयोग से 5 वर्ष से कम आयु के जरूरतमंद एवं पात्र बच्चों के लिए कोक्लियर इंपाल्ट कार्यक्रम निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है।

100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत 23867 निक्षय नामांकन किए गए।

एम्स रायपुर को छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से अज्ञात मूल की क्रोनिक किडनी रोग पर किए गए कार्य के लिए विशेष प्रशंसा मिली है जो राज्य में बड़े पैमाने पर व्याप्त एक समस्या है।

यह अत्यंत संतोषजनक है कि संस्थान अब तक 24 कॉर्नियल ट्रांसप्लांट, 54 रीनल ट्रांसप्लांट और 02 स्किन एलोग्राफ्ट ट्रांसप्लांट करने में सक्षम रहे हैं। संस्थान में पहला स्वैप रीनल ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया है। संस्थान को हृदय प्रत्यारोपण के लिए भी एसओटीटीओ द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

यह संस्थान भारत के शीर्ष चिकित्सा महाविद्यालय की एनआईआरएफ रैंकिंग में 38वें स्थान पर है। एम्स रायपुर को स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण में उत्कृष्टता के लिए निरंतर मान्यता प्राप्त है तथा कायाकल्प योजना के तहत सात बार प्रशंसा प्राप्त हुई है।

संस्थान ने सामुदायिक पहुंच पर भी विशेष बल दिया है जिसमें स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता कार्यक्रम और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल सम्मिलित हैं जो क्षेत्रीय स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने और निवारक देखभाल को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। संस्थान टेली-डायलिसिस क्लिनिकों का आयोजन, डायलिसिस इकाइयों का ऑडिट और टेलीमेडिसिन के माध्यम से 16 जिलों में रोगियों को उपचार प्रदान करके प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (जीवनधारा) का समर्थन करता है। यह संस्थान आईटीबीपी और सीआरपीएफ कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। राज्य के दूरस्थ इलाकों में भी विभिन्न चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत, संस्थान ने अपनी आउटरीच सेवाओं के तहत 13 शहरी स्वास्थ्य शिविरों में भाग लिया।

संस्थान के शोध पारिस्थितिकी तंत्र में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें आंतरिक और बाह्य शोध परियोजनाओं में वृद्धि, प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोगात्मक प्रयास सम्मिलित हैं। वर्तमान वित्त वर्ष में 17 इंट्राम्यूरल और 72 एक्स्ट्राम्यूरल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। आईसीएमआर ने एम्स रायपुर को बायो सेफ्टी लेवल 3 लैब प्रदान की है। यह बीएसएल-3 छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का पहला लैब होगा और अत्याधुनिक उपकरणों के साथ त्वरित निदान और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करके किसी भी वायरल महामारी से निपटने में सक्षम होगा। संस्थान ने एक मेटाबोलिक और नवजात स्क्रीनिंग लैब की स्थापना की है जो वर्तमान में 8 मेटाबोलिक विकारों का उपचार करती है और अब तक 5,000 से अधिक स्क्रीनिंग परीक्षण कर चुकी है।

एम्स रायपुर में सभी के लिए यह अत्यंत गौरवान्वित क्षण था जब दिनांक 25 अक्टूबर, 2024 को एम्स रायपुर का द्वितीय दीक्षांत समारोह मुख्य अतिथि के रूप में भारत की माननीय

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। यह प्रतिष्ठित समारोह चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता की दिशा में संस्थान की यात्रा में एक और मील का पत्थर सिद्ध हुआ।

एम्स रायपुर की नई और आगामी पहलों में से एक आईआईटी भिलाई के सहयोग से स्मार्ट-ईआर परियोजना है। इस परियोजना का उद्देश्य आपातकालीन रोगियों के लिए एआई संचालित क्लिनिकल निर्णय समर्थन प्रणाली (सीडीएसएस) विकसित करना है। इस परियोजना के लिए प्रौद्योगिकी विकास को समर्थन देने हेतु आईबीआईटीएफ से 1,18,75,800/- रुपये का बाह्य अनुदान प्राप्त हुआ है।

संस्थान अस्पताल सेवाओं के अत्यधिक विस्तार की दिशा में काम कर रही हैं। एम्स रायपुर परिसर में 150 बिस्तरों वाला क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक और सूक्ष्मजीव विज्ञान के अंतर्गत बीएसएल-III लैब का निर्माण किया जा रहा है। संस्थान निकट भविष्य में हृदय प्रत्यारोपण, रोबोटिक शल्य चिकित्सा और आईवीएफ सुविधा भी आरंभ करने का लक्ष्य रखती हैं।

संस्थान जैसे-जैसे आगे बढ़ रही हैं, एम्स रायपुर स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता का वैश्विक केंद्र बनने के अपने दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है। मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार, संस्थान के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, छात्रों और सभी हितधारकों को उनके निरंतर समर्थन और समर्पण के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

जय हिंद



लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त)
कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ
एम्स रायपुर

संस्थान और इसकी समितियां

संस्थान निकाय (आईबी)		
क्र. सं.	**सदस्य**	**पदनाम**
1.	**प्रो. (डॉ.) जॉर्ज ए डिसूजा** अधिष्ठाता सेंट जॉन्स मेडिकल कॉलेज, बेंगलुरु	अध्यक्ष
2.	**श्री विजय बघेल** माननीय संसद सदस्य लोकसभा	सदस्य
3.	**श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत** माननीय संसद सदस्य लोकसभा	सदस्य
4.	**श्री देवेंद्र प्रताप सिंह** संसद सदस्य राज्यसभा	सदस्य
5.	**सुश्री पुण्य सलिला श्रीवास्तव, आईएएस** सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली या उनके द्वारा नामित व्यक्ति	सदस्य
6.	**डॉ. अतुल गोयल** स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)
7.	**डॉ. जयदीप कुमार मिश्रा, आईसीएएस** अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (एएस एंड एफए) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली	सदस्य
8.	**डॉ. पूर्णेन्दु सक्सैना** निदेशक विशारद अस्पताल, रायपुर-छत्तीसगढ़	सदस्य
9.	**मुख्य सचिव** छत्तीसगढ़ सरकार सचिवालय, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ या उसके द्वारा नामांकित व्यक्ति	सदस्य
10.	**प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल** कुलपति गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय)-बिलासपुर-छत्तीसगढ़	सदस्य
11.	**डॉ. सुरजीत सिंह** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष बाल चिकित्सा विभाग पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़	सदस्य

संस्थान निकाय (आईबी)		
क्र. सं.	**सदस्य**	**पदनाम**
12.	**प्रो. गंगाधर** पूर्व महासचिव भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन, बेंगलुरु	सदस्य
13.	**निदेशक** भारतीय प्रबंधन संस्थान अटल नगर, पी.ओ. - कुर्रू (अभनपुर) रायपुर (छ.ग.) 493661	सदस्य
14.	**डॉ. शिप्रा शर्मा** निदेशक प्राध्यापक चिकित्सा अधीक्षक एवं शैक्षणिक प्रभारी डी के सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल और पीजी संस्थान रायपुर, छत्तीसगढ़	सदस्य
15.	**डॉ. प्रदीप कुमार पात्रा** कुलपति पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मारक स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय	सदस्य
16.	**डॉ. विजयेंद्र कुमार** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष बाल शल्य चिकित्सा विभाग इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना, बिहार	सदस्य
17.	**लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल,** पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त) कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर	सचिव
18.	**अपर सचिव (स्वास्थ्य),** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली	स्थायी विशेष आमंत्रित
19.	**संयुक्त सचिव (पीएमएसएसवाई), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** भारत सरकार, नई दिल्ली	स्थायी विशेष आमंत्रित

गवर्निंग बॉडी (जीबी)		
क्र. सं.	**सदस्य**	**पदनाम**
1.	**प्रो. (डॉ.) जॉर्ज ए डिसूजा** अधिष्ठाता सेंट जॉन्स मेडिकल कॉलेज, बेंगलुरु	अध्यक्ष
2.	**श्री विजय बघेल** माननीय संसद सदस्य लोकसभा	सदस्य
3.	**सुश्री पुण्य सलिला श्रीवास्तव, आईएएस** सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली या उनके द्वारा नामित	सदस्य
4.	**डॉ. अतुल गोयल** स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
5.	**डॉ. जयदीप कुमार मिश्रा, आईसीएएस** अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (एएस एंड एफए) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
6.	**श्री अमिताभ जैन** मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ सरकार या उनके द्वारा नामित	सदस्य
7.	**प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल** कुलपति गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय)-बिलासपुर	सदस्य
8.	**प्रो. राम कुमार काकानी** निदेशक भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अटल नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़	सदस्य (पदेन)
9.	**डॉ. प्रदीप कुमार पात्रा** कुलपति पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मारक स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय	सदस्य
10.	**डॉ. सुरजीत सिंह** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष बाल चिकित्सा विभाग पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़	सदस्य
11.	**लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल,** पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त), कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर	सदस्य सचिव

स्थायी विशेष आमंत्रित सदस्य	
1.	अपर सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
2.	संयुक्त सचिव (पीएमएसएसवाई), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
3.	अधिष्ठाता (शैक्षिक), एम्स रायपुर
4.	उप-निदेशक (प्रशासन), एम्स रायपुर
5.	वित्तीय सलाहकार, एम्स रायपुर

स्थायी वित्त समिति (एसएफसी)		
क्र. सं.	**सदस्य**	**पदनाम**
1.	**सुश्री पुण्य सलिला श्रीवास्तव, आईएएस** सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली या उनके द्वारा नामित व्यक्ति	अध्यक्ष
2.	**डॉ. विजयेंद्र कुमार** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष बाल शल्य चिकित्सा विभाग इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना, बिहार	उपाध्यक्ष
3.	**श्री देवेंद्र प्रताप सिंह** संसद सदस्य राज्यसभा	सदस्य
4.	**डॉ. अतुल गोयल** स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
5.	**डॉ. जयदीप कुमार मिश्रा, आईसीएएस** अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (एएस एंड एफए) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
6.	**श्री अमिताभ जैन** मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ सरकार या उनके द्वारा नामित व्यक्ति	सदस्य
7.	**लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल,**पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त), कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर-छत्तीसगढ़	सदस्य सचिव

अकादमिक एवं परीक्षा अनुभाग

प्रो. (डॉ.) आलोक सी. अग्रवाल
अधिष्ठाता (शैक्षिक)
प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष
अस्थि रोग विभाग

प्रो. (डॉ.) एली महापात्र
अधिष्ठाता (परीक्षा)
प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष
जैव रसायन विभाग

डॉ. विनय आर. पंडित
सह-अधिष्ठाता (शैक्षिक)
प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष
सामान्य चिकित्सा विभाग

डॉ. अविनाश एस. इंग्ले
सह-अधिष्ठाता (परीक्षा)
प्राध्यापक
फिजियोलॉजी विभाग

डॉ. अतुल जिंदल
कुलसचिव
प्राध्यापक
बाल चिकित्सा विभाग
(28.12.2022 से 17.10.2024)

डॉ. मिलिंद मजूमदार
कुलसचिव
(18.10.2024 से)

अकादमिक-सह-परीक्षा अनुभाग की स्थापना अप्रैल 2013 में की गई थी। इस अनुभाग को संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों से संबंधित सभी शैक्षणिक मामलों और संस्थान में नामांकित छात्रों के परीक्षा कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एमबीबीएस और बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम क्रमशः वर्ष 2012 और 2013 से संचालित किए जा रहें हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमडी/एमएस) जुलाई 2017 से 35 सीट प्रति वर्ष प्रवेश के साथ शुरू किए गए हैं। सीट की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि हुई है। वर्तमान में, एम्स रायपुर में एमडी/एमएस/एमडीएस पाठ्यक्रमों में 161 सीट (एमसीएच सीटीवीएस-6 वर्ष की 2 सीट और 4 प्रायोजित सीट सहित) उपलब्ध हैं।

वर्तमान में एम्स रायपुर में निम्नलिखित पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं:

डीएम/एमसीएच पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम	वार्षिक प्रवेश		प्रवेश प्राप्त छात्र
	गैर-प्रायोजित सीटें	प्रायोजित सीटें	
डीएम कार्डियक एनेस्थीसिया	2	1	1
डीएम क्रिटिकल केयर	2	1	2
डीएम कार्डियोलॉजी	2	1	2
डीएम क्लिनिकल इंफेक्शस डिजीज	2	1	0
डीएम एंडोक्राइनोलॉजी	2	1	2
डीएम क्लिनिकल फार्माकोलॉजी	2	1	1
डीएम मेडिकल एंड फोरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी	2	1	1
डीएम नियोनेटोलॉजी	2	1	1
डीएम नेफ्रोलॉजी	2	1	2
डीएम पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर	2	1	2

पाठ्यक्रम	वार्षिक प्रवेश		प्रवेश प्राप्त छात्र
	गैर-प्रायोजित सीटें	प्रायोजित सीटें	
डीएम पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन	2	1	2
डीएम पल्मोनरी मेडिसिन	4	2	2
एमसीएच कार्डियोवस्कुलर एंड थोरेसिक सर्जरी	2	1	0
एमसीएच हैड-नेक सर्जरी एंड ऑन्कोलॉजी	2	1	2
एमसीएच ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एंड रीकंस्ट्रक्शन	2	1	2
एमसीएच न्यूरोसर्जरी	3	1	4
एमसीएच पीडियाट्रिक सर्जरी	2	1	1
एमसीएच प्लास्टिक सर्जरी एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी	2	1	2
एमसीएच यूरोलॉजी	2	1	2
डीएम मेडिकल ऑन्कोलॉजी	2	1	0
डीएम ट्रॉमा एनेस्थीसिया एंड इंटेंसिव केयर	2	1	0
एमसीएच सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हिपेटोबिलरी सर्जरी	1	0	0
डीएम न्यूरोलॉजी	1	0	0
कुल	**47**	**22**	**31**

पीएच.डी. पाठ्यक्रम		
पाठ्यक्रम	**वार्षिक प्रवेश**	**2024-25 में प्रवेश प्राप्त छात्र**
जैव रसायन	2	1
सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा	2	2
विधि वैद्यक एवं विष विज्ञान	2	0
नाभिकीय चिकित्सा	2	0
अस्थि रोग	2	0
पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन	2	1
फिजियोलॉजी	2	2
शारीरिक रचना विज्ञान	2	0
सामान्य चिकित्सा	2	0
सूक्ष्म जीव विज्ञान	2	2
पीएचडी सीटों की कुल संख्या	20	08

एमडी/एमएस/एमडीएस पाठ्यक्रम				
क्र.सं	**विभाग**	**प्रति वर्ष अनुमोदित पीजी सीट**	**प्रायोजित सीट**	**2024-25 में प्रवेश प्राप्त छात्र**
1.	निश्चेतना विज्ञान में एमडी	14	1	14
2.	शारीरिक रचना में एमडी	3	0	1
3.	जैव रसायन में एमडी	4	0	3
4.	सामुदायिक चिकित्सा में एमडी	8	0	8
5.	त्वचा रोग में एमडी	4	0	4
6.	ईएनटी में एमएस	5	0	5
7.	आपातकालीन चिकित्सा में एमडी	8	1	9
8.	पारिवारिक चिकित्सा में एमडी	2	0	1
9.	विधि वैद्यक एवं विष विज्ञान में एमडी	2	0	2
10.	सामान्य चिकित्सा में एमडी	14	1	13
11.	सामान्य शल्य चिकित्सा में एमएस	10	0	10
12.	सूक्ष्म जीव विज्ञान में एमडी	6	0	6
13.	नाभिकीय चिकित्सा में एमडी	2	0	2
14.	प्रसूति एवं स्त्री रोग में एमएस	10	0	10
15.	नेत्र रोग में एमएस	8	0	8
16.	अस्थिरोग में एमएस	6	0	6
17.	बाल चिकित्सा में एमडी	8	1	9
18.	पैथोलॉजी में एमडी	9	0	8
19.	फार्माकोलॉजी में एमडी	4	0	4
20.	भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास में एमडी	2	0	1
21.	फिजियोलॉजी में एमडी	3	0	1
22.	मनोचिकित्सा में एमडी	5	0	5
23.	रेडियोडायग्नोसिस में एमडी	6	0	6
24.	रेडियोथैरेपी में एमडी	2	0	2
25.	ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में एमडी	5	0	3
26.	ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में एमडीएस	3	0	3
27.	बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा में एमडीएस	2	0	2
28.	एमसीएच (सीटीवीएस) – 6 वर्ष का कार्यक्रम	2	0	2
	कुल	**157**	**4**	**148**

पोस्ट डॉक्टरल सर्टिफिकेट कोर्स (पीडीसीसी)			
पाठ्यक्रम	**वार्षिक प्रवेश**		**प्रवेश प्राप्त छात्र**
	गैर-प्रायोजित सीटें	**प्रायोजित सीटें**	
कार्डियक एनेस्थीसिया में पीडीसीसी	1	3	**1**
क्रिटिकल केयर में पीडीसीसी	1	4	**1**
न्यूरोसर्जिकल एनेस्थीसिया में पीडीसीसी	3	0	**2**
पेन एंड पेलियेटिव केयर में पीडीसीसी	2	0	**1**
ओब्स्टेट्रिक एनेस्थीसिया में पीडीसीसी	2	0	**0**
पीडियाट्रिक एनेस्थीसिया में पीडीसीसी	1	0	**1**
ऑन्को-एनेस्थीसिया में पीडीसीसी	2	0	**0**
कार्डियक क्रिटिकल केयर मेडिसिन में पीडीसीसी	2	0	**0**
ब्रेस्ट सर्जरी में पीडीसीसी	2	0	**2**
हॉस्पिटल इन्फेक्शन कंट्रोल में पीडीसीसी	2	0	**1**
हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी में पीडीसीसी	2	0	**2**
गाइनेकोलॉजिकल एंडोस्कॉपी में पीडीसीसी	2	0	**2**
नियोनेटोलॉजी में पीडीसीसी	4	4	**2**
पीडियाट्रिक कार्डियक क्रिटिकल केयर में पीडीसीसी	2	0	1
पीडियाट्रिक हिमेटोलॉजी और ऑन्कोलॉजी में पीडीसीसी	1	0	**1**
मेडिकल रेटिना में पीडीसीसी	1	0	**1**
कार्डियोथोरेसिक और वस्कुलर इमेजिंग एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में पीडीसीसी	2	0	**2**
इमरजेंसी कार्डियक केयर में पीडीसीसी	4	0	**0**
इमरजेंसी मेडिसीन-क्रिटिकल केयर में पीडीसीसी	4	0	**0**
पीडीसीसी सीटों की कुल संख्या	**40**	**11**	**20**

पाठ्यक्रम	**वार्षिक प्रवेश**	**2024-25 में प्रवेश प्राप्त छात्र**
एमबीबीएस	125	125
बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग	75	75
मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच)	10 (छत्तीसगढ़ सरकार की 4 प्रायोजित सीट सहित)	06

पाठ्यक्रम	वार्षिक प्रवेश	2024-25 में प्रवेश प्राप्त छात्र
एम.एससी. नर्सिंग-साइकियाट्रिक नर्सिंग	04	04
एम.एससी. नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग – कार्डियोवस्कुलर एंड थोरेसिक नर्सिंग)	02	02
एम.एससी. नर्सिंग (पीडियाट्रिक नर्सिंग)	02	02
एम.एससी. नर्सिंग (ऑब्स्टेट्रिकल एंड गाइनेकोलॉजिकल नर्सिंग)	02	02

पैरामेडिकल पाठ्यक्रम		
पाठ्यक्रम	**वार्षिक प्रवेश**	**2024-25 में प्रवेश प्राप्त छात्र**
ऑडियोलॉजी एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी में स्नातक	4	अवलंबित
ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी में बी.एससी.	8	अवलंबित
मेडिकल टेक्नोलॉजी इन रेडियोग्राफी में बी.एससी.	5	5
मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी में बी.एससी.	8	4
एडवांस्ड डिप्लोमा रेडियोथैरेपी टेक्नोलॉजी (एडीआरटी)	2	अवलंबित
प्री-हॉस्पिटल ट्रॉमा तकनीशियन (पीटीटी)	10	समाप्त

31मार्च, 2025 तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत स्नातक छात्रों/पीजी छात्रों/पीएचडी स्कॉलर की संख्या निम्नानुसार है:	
पाठ्यक्रम	**पाठ्यक्रम में अध्ययन करने वाले छात्रों की संख्या**
एमबीबीएस	633
बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग	261
एमडी/एमएस/एमडीएस	391+5 (प्रायोजित)
डीएम/एमसीएच	83
पीडीसीसी	19
एम.एससी. नर्सिंग- साइक्राइट्रिक नर्सिंग	10
पीएच.डी.	29+4 (इन-हाउस)
मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ	10
पैरामेडिकल पाठ्यक्रम	31

एमबीबीएस					
बैच	**वार्षिक प्रवेश**	**नामांकित छात्र**	**अध्ययनरत**	**परीक्षा कार्यक्रम**	**टिप्पणी**
2012	50	50	----	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
2019	100	100	----	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
2020	125	125	इंटर्नशिप	----	जनवरी 2025 से एक वर्ष की अनिवार्य रोटेशनल इंटर्नशिप के लिए नियुक्त किया गया
2021	125	125	तृतीय वर्ष प्रोफेशनल भाग 2	नवंबर/दिसंबर 2025	----
2022	125	125	तृतीय वर्ष प्रोफेशनल भाग 1	दिसंबर 2025/जनवरी 2026	----
2023	125	125	द्वितीय वर्ष प्रोफेशनल	दिसंबर 2025/जनवरी 2026	----
2024	125	125	प्रथम प्रोफेशनल	अगस्त/सितंबर 2025	----

एम्स, रायपुर के एमबीबीएस और बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग के छात्र भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित केंद्रीय, राज्य चिकित्सा महाविद्यालय और विदेशी विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं। एम्स रायपुर के स्नातकोत्तर छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम में भी अध्ययनरत हैं।

बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग					
बैच	**वार्षिक प्रवेश**	**नामांकित छात्र**	**अध्ययनरत**	**परीक्षा कार्यक्रम**	**टिप्पणी**
2013	60	60	----	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
2020	75	75	----	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
2021	75	75	चतुर्थ वर्ष	फरवरी 2026	----
2022	75	42	तृतीय वर्ष	सितंबर 2025	----
2023	75	75	द्वितीय वर्ष	जुलाई 2025	----
2024	75	75	प्रथम वर्ष	जुलाई 2025	----

एमडी/एमएस/एमडीएस पाठ्यक्रम				
सत्र	**वार्षिक प्रवेश**	**नामांकित छात्र**	**अध्ययनरत**	**परीक्षा कार्यक्रम**
जुलाई – 2017	35	09	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जनवरी – 2018		25	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जुलाई – 2019	92	48	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जनवरी - 2020		51	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जुलाई – 2020	127	44	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जनवरी - 2021		75	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जुलाई – 2021	148	54	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जनवरी - 2022		81	-----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जुलाई - 2022	157	24	तृतीय वर्ष	जुलाई 2025
जनवरी - 2023		112	तृतीय वर्ष	दिसंबर 2025
जुलाई - 2023	157	76	द्वितीय वर्ष	जुलाई 2026
जनवरी - 2024		70	द्वितीय वर्ष	दिसंबर 2026
जुलाई - 2024	155	64	प्रथम वर्ष	जुलाई 2027
जनवरी - 2025		89	प्रथम वर्ष	दिसंबर 2027

एम.एससी. नर्सिंग				
सत्र	**वार्षिक प्रवेश**	**नामांकित छात्र**	**अध्ययनरत**	**परीक्षा कार्यक्रम**
जुलाई – 2018	02	02	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जुलाई – 2020	04	04	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जुलाई – 2021	04	04	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जुलाई – 2022	04	04	----	पूर्ण पाठ्यक्रम
जुलाई - 2023	04	04	द्वितीय वर्ष	अक्टूबर – 2024
जुलाई - 2024	10	10	प्रथम वर्ष	जुलाई- 2025

वर्ष 2024-25 के परीक्षा में छात्रों का प्रदर्शन			
परीक्षा का नाम	**उपस्थित छात्रों की संख्या**	**उत्तीर्ण छात्रों की संख्या**	**उत्तीर्णता प्रतिशत**
बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग प्रथम वर्ष	74	74	100
बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग द्वितीय वर्ष	43	42	97.67
बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग तृतीय वर्ष	72	68	94.44
बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग चतुर्थ वर्ष	74	74	100
एम.एससी. नर्सिंग-साइक्राइट्रिक नर्सिंग प्रथम वर्ष	1	1	100
एम.एससी. नर्सिंग-साइक्राइट्रिक द्वितीय वर्ष	4	4	100
एमबीबीएस प्रथम वर्ष प्रोफ (2023 बैच)	129	117	90.70
एमबीबीएस द्वितीय वर्ष प्रोफ (2022 बैच)	128	122	95.31
एमबीबीएस तृतीय वर्ष प्रोफ भाग-1 (2021 बैच)	119	114	95.80
एमबीबीएस तृतीय वर्ष प्रोफ भाग-2 (2020 बैच)	105	99	94.29
एमडी/एमएस (जुलाई 2021 बैच)	37	37	100
एमडी/एमएस (जनवरी 2022 बैच)	63	63	100
डीएम/एमसीएच (जुलाई 2020 बैच)	7	7	100
डीएम/एमसीएच (जुलाई 2021 बैच)	17	17	100
पीडीसीसी (जुलाई 2022 बैच)	20	20	100
मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (2022 बैच)	6	6	100
बी.एससी. ओटीटी प्रथम वर्ष (2023 बैच)	5	5	100
बी.एससी एमटीआर प्रथम वर्ष (2023 बैच)	1	1	100
बी.एससी एमटीआर द्वितीय वर्ष (2022 बैच)	2	2	100
बी.एससी एमटीआर तृतीय वर्ष (2021 बैच)	3	3	100
बी.एससी एमएलटी प्रथम वर्ष (2023 बैच)	6	4	66.67
बी.एससी एमएलटी द्वितीय वर्ष (2022 बैच)	3	3	100
बीएएसएलपी चतुर्थ सेमेस्टर	3	3	100
बीएएसएलपी पांचवां सेमेस्टर	3	3	100
एडीआरटी (2022 बैच)	2	2	100

वर्ष 2024-25 के दौरान एम्स रायपुर में वरिष्ठ रेजिडेंट (गैर शैक्षणिक) और कनिष्ठ रेजिडेंट (गैर शैक्षणिक) की भर्ती संबंधी विवरण:

पद	विज्ञापित पदों की संख्या	चयनित अभ्यर्थी की संख्या	भरे गए पदों की संख्या
वरिष्ठ रेजिडेंट (गैर शैक्षणिक)	220	106	95
कनिष्ठ रेजिडेंट (गैर शैक्षणिक)	51	43	34

अन्य गतिविधियां

- दिनांक 25 अक्टूबर, 2024 को एम्स रायपुर का द्वितीय दीक्षांत समारोह भारत के माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति में एम्स रायपुर के सभागृह में आयोजित किया गया।
- इस वर्ष, एनआईआरएफ द्वारा एम्स रायपुर को वर्ष 2024 में 38वां स्थान प्राप्त हुआ।
- एम्स रायपुर ने एंटी-रैगिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है।
- द वीक हंसा रिसर्च रैंकिंग में एम्स रायपुर को वर्ष 2024 में 23वां स्थान प्राप्त हुआ।
- एम्स रायपुर को न्यूज वीक (विश्व सर्वश्रेष्ठ अस्पताल) द्वारा वर्ष 2024 में 33वां स्थान प्राप्त हुआ।
- इंडिया टुडे - एमडीआरए रैंकिंग में एम्स रायपुर को वर्ष 2024 में 39वां स्थान प्राप्त हुआ।
- इंडिया टुडे - एमडीआरए यूनिवर्सिटी रैंकिंग में एम्स रायपुर को वर्ष 2024 में 7वां स्थान प्राप्त हुआ।
- श्री नितिन रामभाऊ वंजारी, कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, अकादमिक अनुभाग, एम्स रायपुर ने दिनांक 11 जुलाई, 2024 को डॉ. रामलिंगस्वामी बोर्ड रूम, एम्स, नई दिल्ली में आयोजित अच्छे (गुड) परीक्षा अभ्यास (ओजीईपी 4.0): स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए सीट आवंटन और प्रवेश प्रक्रिया पर अभिविन्यास प्रश्नोत्तरी के दौरान लीडरशिप बोर्ड में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।

प्रशासनिक विभाग

उप-निदेशक (प्रशासन)

लेफ्टिनेंट कर्नल कुनाल शर्मा (29.11.2024 तक)

लेफ्टिनेंट कर्नल अभिजीत सरकार (30.11.2024 से)

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

श्री वी. सीतारामु – (09.07.2021 से 20.07.2024 तक)

श्री शिव शंकर शर्मा (21.07.2024 से अतिरिक्त प्रभार)

प्रशासनिक अधिकारी

श्री ए वेंकट रमण (02.02.2022 से 18.10.2024 तक)

श्री पीयूष उजवाने (18.10.2024 से)

भंडार अधिकारी (केंद्रीय भंडार)

श्री अंकित कुमार मिश्रा (01.07.2023 से)

मुख्य अंश

प्रशासनिक विभाग में सम्मिलित संस्थान के कार्मिक और स्थापना, सुरक्षा, इंजीनियरिंग सेवा विभाग से संबंधित संपदा मामलों, भंडार, जन-संपर्क गतिविधियों और राजभाषा विभाग का नियंत्रण और पर्यवेक्षण उप-निदेशक (प्रशासन) द्वारा किया जाता है। उपर्युक्त क्षेत्रों के लिए प्रशासन के अंतर्गत विभिन्न शाखाएं हैं।

स्थापना अनुभाग और प्रशासनिक विभाग के दायित्वों में नियुक्तियां, वैधानिक समितियों की बैठकों की व्यवस्था करना, भू-संपदा और संपत्ति का प्रबंधन, उपकरण, सामग्री और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद, सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारी कल्याण, आरटीआई, राजभाषा प्रकोष्ठ, पीजी पोर्टल, यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों को देखना आदि सम्मिलित हैं।

संस्थान के कुल स्वीकृत कर्मचारी 4189 हैं जिसमें सभी केंद्रों/मुख्य अस्पताल/डी.ओ. के कर्मचारी सम्मिलित हैं। दिनांक 31.03.2025 के अनुसार समूहवार स्वीकृत संख्या और कर्मचारियों की स्थिति निम्नानुसार हैं-

क्र. सं.	वर्ग/समूह	स्वीकृत संख्या	वर्तमान स्थिति
1.	संकाय सदस्य	305	192
2.	'ए'	1030	743
3.	'बी'	2228	1744
4.	'सी'	626	891
	कुल	4189	3570

राजभाषा प्रकोष्ठ		सीपीजीआरएएमएस पोर्टल	
हिंदी में प्राप्त कुल पत्र की संख्या	हिंदी में दिए गए कुल उत्तर की संख्या	प्राप्त शिकायत	निष्पादित शिकायत
4270	4034	154	152
आरटीआई प्रकोष्ठ		**यौन उत्पीड़न की शिकायत**	
प्राप्त	निपटान किए गए	प्राप्त शिकायत	निष्पादित शिकायत
821	802	9	9

(क) जनसंपर्क कार्यालय

जनसंपर्क अधिकारी

श्री शिव शंकर शर्मा, पीएच.डी.

जनसंपर्क कार्यालय आंतरिक एवं बाह्य संचार गतिविधियाँ के माध्यम से सार्वजनिक आउटरीच गतिविधियों में सक्रिय है। यह नियमित रूप से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया और प्रचार सामग्री के माध्यम से एम्स, रायपुर के बारे में जानकारी प्रसारित कर रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, जनसंपर्क कार्यालय ने अंग्रेजी और हिंदी में 277 से अधिक प्रेस विज्ञप्तियां जारी की हैं। वे छत्तीसगढ़ के 9 से अधिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए। कार्यालय फेसबुक, ट्विटर (जिसे अब एक्स के नाम से जाना जाता है) हैंडल सहित सोशल मीडिया के लिए नोडल कार्यालय के रूप में भी कार्य कर रहा है। संस्थान के सभी सोशल मीडिया अकाउंट नियमित आधार पर अपडेट किए जाते हैं। जनसंपर्क कार्यालय ने मंत्रालय को वार्षिक रिपोर्ट की समय पर तैयारी और प्रस्तुतिकरण के लिए एम्स रायपुर के 50 से अधिक विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया है। जनसंपर्क विभाग एम्स रायपुर की एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए डेटा संकलित करने में सक्रिय रूप से शामिल है।

विभाग समन्वय स्थापित कर वीआईपी आगंतुकों के लिए उचित व्यवस्था कर रहा है। विभाग विभिन्न विज्ञापन जारी कर रहा है तथा मासिक प्रगति रिपोर्ट, उपलब्धि रिपोर्ट, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को दिव्यांगजन रिपोर्ट, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना डैशबोर्ड डेटा, लोक शिकायत, एनओआरसीईटी और वाहन प्रबंधन के लिए नोडल कार्यालय के रूप में कार्य कर रहा है।

(ख) भर्ती प्रकोष्ठ

सहायक परीक्षा नियंत्रक

डॉ. आशीष कुमार गुप्ता

एम्स, रायपुर नागरिकों की विश्वस्तरीय तृतीयक श्रेणी स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकताओं और आंकाक्षाओं को पूर्ण करने के लिए और चिकित्सीय शिक्षा, प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर के अनुसंधान में आत्म-निर्भरता प्राप्त करने के लिए देशभर में सर्वोत्कृष्ट प्रतिभा को सेवा का अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस उद्देश्य के अनुरूप, एम्स, रायपुर में पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से देश भर के सर्वक्षेष्ठ प्रतिभाओं को आकर्षित करने और भर्ती करने के लिए एक समर्पित भर्ती प्रकोष्ठ है।

भर्ती प्रकोष्ठ को संस्थान में भारत सरकार के नियमानुसार एवं सीआईबी, संस्थान निकाय और शासी निकाय के निर्णय अनुसार समय-समय पर सभी संकाय सदस्य और गैर-संकाय सदस्य पदों की भर्ती प्रक्रिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रतिस्पर्धा बढ़ाने हेतु भर्ती विज्ञापन राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में, समाचार पत्र, रोजगार समाचार, और एम्स रायपुर और पीएमएसएसवाई, एमओएचएफडब्ल्यू की वेबसाइट पर प्रकाशित होते हैं।

(ग) राजभाषा प्रकोष्ठ

लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त)
कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ, एम्स, रायपुर
अध्यक्ष
विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति
उप-निदेशक (प्रशासन)
लेफ्टिनेंट कर्नल कुनाल शर्मा (29.11.2024 तक)
लेफ्टिनेंट कर्नल अभिजीत सरकार (30.11.2024 से)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी
श्री मधुरागी श्रीवास्तव (16.01.2025 तक)
कनिष्ठ हिंदी अनुवादक
सुश्री निधि जयसवाल
श्री विनय कुमार (23.09.2024 तक)
सदस्य
सभी विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी
एम्स, रायपुर

राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा वित्त-वर्ष 2024-25 में आयोजित गतिविधियाँ एवं क्रियाकलापः

1. विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 22 जून, 26 सितंबर, 26 दिसंबर, 2024 एवं 24 मार्च, 2025 को आयोजित की गई। लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ, एम्स, रायपुर एवं अध्यक्ष, राजभाषा समिति, एम्स, रायपुर ने राजभाषा अधिनियम के अंतर्गत प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की एवं सभी विभागाध्यक्षों को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने के लिए अनुदेशित किया।
2. हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर एम्स, रायपुर में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 16-30 सितंबर, 2024 तक किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा निबंध लेखन, स्वरचित काव्य-पाठ, आशु भाषण, टंकण प्रतियोगिता, श्रुति लेख, चिकित्सा शब्दावली, प्रशासनिक शब्दावली, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 130 छात्र-छात्राओं एवं 141 अधिकारी/कर्मचारियों एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों में कुल रु. 2,25,000/- की राशि वितरित की गई। विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर दिनांक 10 जनवरी, 2025 को 'हिंदी की प्रगति में ई- तकनीक का महत्त्व' विषय पर कार्यालय में विशेष चर्चा आयोजित की गई।
3. दिनांक 08-14 मई, 2024 अवधि के दौरान नर्सिंग महाविद्यालय में छात्र-छात्राएं एवं संकाय सदस्यों हेतु हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 30 नर्सिंग छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। दिनांक 31 जुलाई, 2024 को मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर संस्थान में मुंशी प्रेमचंद जयंती सह हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 51 कर्मचारियों, अधिकारियों एवं संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें प्रेमचंद जी के साहित्य संबंधी उनके अमूल्य योगदान के बारे में विचार-विमर्श किया गया । इसके साथ ही प्रेमचंद जी की प्रमुख रचनाओं में संकलित सूक्तियों पर भी चर्चा की गई जिससे व्यक्तित्व परिष्कृत हो एवं प्रगतिशील समाज की नींव रखी जा सकें। दिनांक 16-20 दिसंबर, 2024 को 5 दिवसीय हिंदी टंकण

कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दिनांक 10 जनवरी, 2025 को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा 'हिंदी की प्रगति में ई- तकनीक के महत्व' के विषय पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें कुल 2 3 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान हिंदी टंकण कार्यशालाओं एवं हिंदी संगोष्ठियों में कुल 115 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

4. एम्स, रायपुर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर का एक महत्वपूर्ण सदस्य है। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की दिनांक 29 मई, 2024 को आयोजित प्रथम अर्धवार्षिक बैठक में लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त), कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ, एम्स, रायपुर तथा श्री मधुरागी श्रीवास्तव, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने भाग लिया। इसी क्रम में दिनांक 30 अक्टूबर, 2024 को आयोजित द्वितीय अर्धवार्षिक बैठक में श्री मधुरागी श्रीवास्तव, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, ने भाग लिया।

5. राजभाषा प्रकोष्ठ, एम्स, रायपुर द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन पूर्ण रूप से अनुवाद किया गया। इसके अतिरिक्त राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त अंग्रेजी के दस्तावेज, पत्र, परिपत्र, प्रतिवेदन, शोध, सहमति पत्र, विज्ञान संबंधी लेख एवं अन्य आलेख आदि का भी हिंदी अनुवाद किया गया।

राजभाषा प्रकोष्ठ, एम्स, रायपुर यह सुनिश्चित करता है कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) का अक्षरशः अनुपालन किया जा रहा है एवं इससे संबंधित विभिन्न अनिवार्य प्रावधानों का भी पालन किया जा रहा है। इसके लिए निम्नांकित कदम उठाए गए हैः-

1. एम्स, रायपुर की छमाही हिंदी पत्रिका 'स्पंदन' का बारहवाँ अंक (अप्रैल-सितंबर, 2024) एवं तेरहवाँ अंक (अक्टूबर-मार्च, 2024-25) ई-पत्रिका तैयार किया गया एवं विभिन्न विभागों में इसका ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया गया।

2. हिंदी में कार्यालयीन कार्यों को बढ़ावा देने के लिए एम्स, रायपुर द्वारा हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कुल रु. 29,000/- के 10 राजभाषा प्रोत्साहन पुरस्कार दिनांक 01 अक्टूबर, 2024 को प्रदान की गई।

3. विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों के लिए हिंदी में डिक्टेशन देने हेतु 'हिंदी डिक्टेशन योजना' के अंतर्गत 09 विभागाध्यक्षों को कुल रु. 1,50,000/- की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

4. एम्स, रायपुर के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को हिंदी भाषा का नियमित टंकण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

1. राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जारी कागजात की संख्या-

(क)	जारी कागजात की कुल संख्या	6,056
(ख)	द्विभाषी रूप में जारी कागजात की संख्या	6,056
(ग)	केवल अंग्रेजी में जारी किए गए कागजात	0

2. वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान हिंदी में प्राप्त पत्रों की स्थिति (राजभाषा नियम, 1976 का नियम- 5)-

(क)	हिंदी में प्राप्त कुल पत्रों की संख्या	4,270
(ख)	इनमें से कितनों के उत्तर हिंदी में दिए गए	4,034
(ग)	इनमें से कितनों के उत्तर के अंग्रेजी में दिए गए	0
(घ)	इनमें से कितनों के उत्तर दिए जाने अपेक्षित नहीं थे	236

3. वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान फाइलों/दस्तावेजों पर लिखी गई टिप्पणियाँ-

	अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों की संख्या	इनमें से कितनों के उत्तर हिंदी में दिए गए	इनमें से कितनों के उत्तर के अंग्रेजी में दिए गए	इनमें से कितनों के उत्तर दिए जाने अपेक्षित नहीं थे	हिंदी पत्रोत्तरों की प्रतिशतता
	1	2	3	4	5
क्षेत्र 'क' से	13,192	12,038	775	379	91.25%
क्षेत्र 'ख' से	174	156	7	11	89.66%

4. वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भेजे गये मूल पत्रों का ब्यौरा

	हिंदी में	अंग्रेजी में	भेजे गए पत्रों की कुल संख्या	अंग्रेजी की तुलना में मूल रूप से हिंदी में भेजे गए पत्रों की प्रतिशतता
	1	2	3	4
क्षेत्र 'क' से	12,377	1,336	13,713	90.26%
क्षेत्र 'ख' से	154	21	175	88%
क्षेत्र 'ग' से	58	40	98	59.18%

5. वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान फाइलों/दस्तावेजों पर लिखी गई टिप्पणियाँ-

हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों के पृष्ठों की संख्या	86,712
अंग्रेजी में लिखी गई टिप्पणियों के पृष्ठों की संख्या	10,018
कुल टिप्पणियों के पृष्ठों की संख्या	96,730
अंग्रेजी की तुलना में हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों के पृष्ठों की संख्या का प्रतिशत	89.64%

एम्स, रायपुर में राजभाषा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा 2024 का आयोजन भव्यपूर्वक किया गया।





(घ) सुरक्षा

सुरक्षा अधिकारी

श्रीमती उपासना खोंड सिंह

एम्स रायपुर के सुरक्षा कार्यालय को परिसर की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है - जिसमें मुख्य चिकित्सा परिसर, अनुलग्नक और आवासीय क्षेत्र शामिल हैं। चौबीसों घंटे कार्यरत विभाग बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने, जनता और रोगियों की पहुंच को विनियमित करने, वीआईपी सुरक्षा सुनिश्चित करने और आपातकालीन तैयारियों का प्रबंधन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

श्रमशक्ति और संगठनात्मक व्यवस्था

- कार्मिक संख्या: 450 आउटसोर्स सुरक्षा कर्मी
- परिचालन मोड: 24x7x365 रोटेशनल शिफ्ट
- तैनाती क्षेत्र: मुख्य प्रवेश और निकास द्वार
    - वार्ड और गलियारे
    - आपातकालीन और बाह्य रोगी क्षेत्र
    - आवासीय और संलग्न भवन
    - पार्किंग क्षेत्र
    - छात्रावास
    - ओपीडी और आईपीडी
    - चिकित्सा महाविद्यालय
    - नर्सिंग महाविद्यालय
- **प्रमुख भूमिकाएँ:**
    - भीड़ प्रबंधन
    - नियमित सुरक्षा जाँच
    - विशेष आयोजनों के लिए मार्ग रेखाएँ
    - गेट पास जारी करना और सामग्री सत्यापन
    - वाहन प्रवेश नियंत्रण और पार्किंग प्रबंधन
    - वीआईपी और गणमान्य व्यक्तियों के लिए अनुरक्षण और बंदोबस्त कर्तव्य

सुरक्षा अवसंरचना और तकनीकी प्रगति सीसीटीवी निगरानी प्रणाली

- उच्च-संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक सीसीटीवी कवरेज
- चौबीसों घंटे निगरानी के लिए दो समर्पित नियंत्रण कक्ष
- नैतिक और कानूनी निगरानी के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएँ (एसओपी) लागू
- सीसीटीवी नियंत्रण और निगरानी कर्तव्यों में महिला ऑपरेटरों को सम्मिलित करना

अग्नि सुरक्षा अवसंरचना

- खतरे को कम करने में प्रशिक्षित समर्पित अग्निशमन दल
- नियमित:
    - मॉक ड्रिल
    - निकासी अभ्यास
    - इंजीनियरिंग टीम के साथ समन्वय सत्र
    - दस्तावेज़ीकरण और रिकॉर्ड रखने की सर्वोत्तम प्रथाओं का कड़ाई से पालन

साइबर और भौतिक सुरक्षा पहल

- साइबर जागरूकता कार्यक्रम
    - छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस के सहयोग से आयोजित
    - नागरिकों और कर्मचारियों को समकालीन साइबर खतरों और सुरक्षा प्रथाओं के बारे में शिक्षित करना

- कानून प्रवर्तन के साथ समन्वय:
    - पुलिस और स्थानीय अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क
    - कार्यक्रमों, गणमान्य व्यक्तियों के दौरों और आपात स्थितियों के लिए त्वरित बंदोबस्त सहायता

प्रशासनिक और परिचालन संबंधी मुख्य विशेषताएं

- पास प्रबंधन प्रणाली:
    - निम्नलिखित के लिए गेट पास जारी करना:
        - आगंतुक
        - वाणिज्यिक वाहन
        - सामग्री की आवाजाही
    - इन्वेंट्री और कार्मिक ट्रैकिंग सक्षम
- **पार्किंग प्रबंधन:**
    - एम्स के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पार्किंग स्टिकर जारी किए गए
    - निर्दिष्ट क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित किया गया
- **प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण:**
    - नियमित कार्यशालाओं और प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से कौशल संवर्धन
    - आपातकालीन प्रतिक्रिया और भीड़ प्रबंधन में व्यावहारिक प्रशिक्षण

महिला सशक्तिकरण और समावेशी भागीदारी

- महिला कर्मियों की रणनीतिक तैनाती:
    - क्षेत्रीय कार्य
    - कार्यालय संचालन
    - सीसीटीवी निगरानी इकाइयाँ
- सार्वजनिक इंटरफेस और नियामक कार्यों में सक्रिय भूमिका





वित्त एवं लेखा विभाग

वित्तीय सलाहकार (कार्यवाहक)
श्री विनोद जी (02.04.2024 – 06.12.2024)
श्री जे. सजित नायर (07.12.2024 से)

वित्त एवं मुख्य लेखा अधिकारी
श्री विनोद जी

लेखा अधिकारी
श्री जे. सजित नायर
श्री राजेश सिंह
श्री देवाशीष भद्रा
श्री विशाल कुमार
श्री अभिषेक कुमार राय

मुख्य अंश

एम्स रायपुर के वित्त एवं लेखा शाखा का नेतृत्व वित्तीय सलाहकार करते हैं, जिनकी सहायता के लिए एक वित्तीय सलाहकार एवं लेखा अधिकारी, 5 लेखा अधिकारी और कई कनिष्ठ लेखा अधिकारी तथा लेखा सहायक कार्यरत हैं। प्रत्येक शाखा का नेतृत्व सहायक कर्मचारियों के साथ एक लेखा अधिकारी करता है। मोटे तौर पर वित्त एवं लेखा शाखा बजट प्रबंधन, नकदी प्रवाह, व्यय नियंत्रण, वित्तीय जांच और जीएफआर के अनुसार खरीद प्रस्तावों की सहमति, वेतन सहित भुगतान, खरीद से संबंधित विक्रेता बिल जैसे तीसरे पक्ष के भुगतान, परियोजना कार्य से संबंधित बिलों का भुगतान, एचआईटीईएस/एचएलएल को भुगतान, एचईएफए ऋण प्रबंधन, वार्षिक खातों और वित्तीय विवरणों को तैयार करना, सीएजी और आंतरिक लेखा परीक्षा अनुपालन आदि का काम देखता है। वित्त एवं लेखा शाखा को सौंपे गए कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:

- संस्थान का वार्षिक बजट तैयार करना
- प्रशासनिक मंत्रालय से वेतन, सामान्य और पूंजीगत व्यय के लिए अनुदान सहायता प्राप्त करना
- बजट प्रबंधन, नकदी प्रवाह प्रबंधन और व्यय नियंत्रण
- अस्पताल प्राप्तियों का प्रबंधन
- संस्थान की खरीद से संबंधित मामलों पर सामान्य वित्तीय विनियमन (जीएफआर) के प्रावधानों के अनुसार वित्तीय सहमति प्रदान करना
- केंद्रीय लेखा मैनुअल (सीएएम) के प्रावधानों और नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी)/मुख्य लेखा नियंत्रक (सीसीए) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार लेखा पुस्तकों और अनुसूचियों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना
- आयकर, बिक्री कर, सेवा कर और अन्य नियमों के प्रावधानों के अनुसार कर्मचारियों के वेतन बिल और अन्य आवश्यक अभिलेख तैयार करना
- वित्तीय विवरण (प्राप्तियाँ और भुगतान खाते, आय और व्यय खाते और बैलेंस शीट) तैयार करना
- सीसीए ऑडिट, सीएजी ऑडिट जैसे विभिन्न ऑडिट करवाना और अनुपालन/एटीएन प्रस्तुत करना।
- नई पेंशन योजनाओं, जीपीएफ और पीएफएमएस का प्रबंधन
- परियोजना संबंधी कार्यों और अन्य बिलों की जाँच
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पीएमएसएसवाई प्रभाग को अपेक्षित रसीद और व्यय विवरण प्रस्तुत करना

अभियांत्रिकी शाखा

अधीक्षण अभियंता
कर्नल सुशांत शेखर बोस

मुख्य अंशः

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर की स्थापना पीएमएसएसवाइ के अंतर्गत हुई है। परियोजना को पूर्ण करने के लिए, भवन निर्माण कार्यो के लिए चार पैकेज बनाए गए है जो कि इस प्रकार है- चिकित्सा महाविद्यालय एवं छात्रावास भवन-समूह, अस्पताल भवन-समूह, विद्युत सेवाओं एवं परिसंपदा सेवाओं का निर्माण।

मुख्य योजना के अनुसार संस्थान भारतीय चिकित्सा परिषद के नियमों के तहत 100 एकड़ परिसर में आवश्यक सुविधाओं के साथ निर्मित है। परिसर में निर्मित अस्पताल, छात्रावास एवं आवासीय क्षेत्रों के अतिरिक्त खुले क्षेत्र, पार्किंग क्षेत्र एवं मनोरंजन गतिविधियों के लिए भी क्षेत्र हैं। इन सुविधाओं का उपयोग छत्तीसगढ़ राज्य और देश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग द्वारा किया जा रहा है।

एम्स, रायपुर का अभियांत्रिकी शाखा (प्रोजेक्ट सेल) मुख्य रूप से डीपीआर, गैर डीपीआर परियोजनाओं और नए सिविल, इलेक्ट्रिकल, एचवीएसी और अग्निशमन कार्यों के निर्माण गतिविधियों को संभालता है, जिसमें विभिन्न सेवाओं के संचालन और रखरखाव भी शामिल है। प्रमुख कार्यों का विवरण नीचे दिया गया है:

सभी पैकेजों का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 31 मार्च, 2025 तक एम्स रायपुर में निर्माण की स्थिति निम्नलिखित है:

एम्स पीसी	पैकेट	एजेंसी	अनुमोदित संविदा मुल्य (रु. करोड़)	निर्माण की भौतिक प्रगति (%)	अब तक किया गया वास्तविक भुगतान	समापन की तिथि/ ईडीसी
एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड	पीकेजी - I मेडिकल कॉलेज	मेसर्स पुंज लॉयड लिमिटेड	115.21	100	128.30	28.02.2020
	पैकेज - II अस्पताल परिसर	मेसर्स बीएल कश्यप एंड संस लि.	262.40	100	331.68	22.09.2022
	पैकेज - III विद्युत सेवाएँ	मेसर्स अहलूवालिया (कॉन्ट्रैक्ट्स) इंडिया लिमिटेड	35.86	100	36.59	28.02.2020
	पैकेज - IV एस्टेट सर्विसेज	मेसर्स बीएल कश्यप एंड संस लि.	63.33	100	61.96	21.03.2022

दिनांक 31 मार्च, 2025 तक सिविल (गैर डीपीआर कार्य) की स्थिति, जिसमें सीपीडब्ल्यूडी को सौंपे गए कार्य भी सम्मिलित है

शैक्षणिक ब्लॉक और प्रशासनिक ब्लॉक

माह	संचयी भौतिक प्रगति (%)	संचयी वित्तीय प्रगति (%)	वर्तमान माह व्यय (करोड़)	टिप्पणी
31/03/2025	100%	98%	----	स्वीकृत राशि ₹199.60 करोड़ निविदा राशि ₹159.43 करोड़ कुल व्यय ₹183.92 करोड़ आज तक कुल जारी ₹196.96 करोड़ भवन का हस्तान्तरण प्रक्रियाधीन है दिनांक 15.04.2024 को कार्य पूरा होगा अंतिम बिल प्रक्रियाधीन है।

शैक्षणिक ब्लॉक और प्रशासनिक ब्लॉक



एम्स रायपुर में क्रिटिकल केयर अस्पताल भवन का निर्माण

माह	संचयी भौतिक प्रगति (%)	संचयी वित्तीय प्रगति (%)	वर्तमान माह व्यय (करोड़)	टिप्पणी
31.03.2025	35%	32.2%	----	परियोजना प्रारंभ तिथि: 16.03.2024 नींव (फाउंडेशन), बेसमेंट और जलरोधक कार्य पूर्ण हो चुका है, तीसरी मंजिल के स्लैब के शेष भाग के लिए सुदृढीकरण बिछाने का कार्य प्रगति पर है। बेसमेंट, भूतल और प्रथम तल पर ब्लॉक कार्य, विद्युत नाली कार्य आदि जैसी परिष्करण गतिविधियाँ प्रगति पर हैं। कार्य पूरा होने की लक्षित तिथि 30.05.2026 (संशोधित पीडीसी) है।

क्रिटिकल केयर अस्पताल भवन



शैक्षणिक ब्लॉक और प्रशासनिक ब्लॉक हेतु फर्नीचर

माह	संचयी भौतिक प्रगति (%)	संचयी वित्तीय प्रगति (%)	वर्तमान माह व्यय (करोड़)	वर्तमान स्थिति
31/03/2025				फर्नीचर की व्यवस्था के लिए फर्नीचर लेआउट सीपीडब्ल्यूडी को भेज दिया गया है। एम्स रायपुर ने आवश्यक टिप्पणियों के साथ नमूनों को मंजूरी दे दी है। सामग्री साइट पर पहुँच रही है और इंस्टालेशन का कार्य प्रगति पर है। पूरा होने की तिथि 30.05.2025 है।

एम्स रायपुर में आवासीय परिसर चरण-II का निर्माण

माह	संचयी भौतिक प्रगति (%)	संचयी वित्तीय प्रगति (%)	वर्तमान माह व्यय (करोड़)	वर्तमान स्थिति
31.03.2025	-	-	-	छात्रावास के चित्र स्वीकृत हो चुके हैं। स्थानीय निकाय की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत चित्र तैयार किया जा रहा है।

नवा रायपुर में जन स्वास्थ्य विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण

माह	संचयी भौतिक प्रगति (%)	संचयी वित्तीय प्रगति (%)	वर्तमान माह व्यय (करोड़)	वर्तमान स्थिति
31.03.2025	99%	96%	-	कार्य प्रगति पर है।

कुरुद में ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र की चारदीवारी का निर्माण

माह	संचयी भौतिक प्रगति (%)	संचयी वित्तीय प्रगति (%)	वर्तमान माह व्यय (करोड़)	वर्तमान स्थिति
31.03.2025	100%	95%	-	कार्य दिनांक 11 जुलाई, 2024 को पूर्ण हुआ।

चिकित्सालय एवं केंद्रीय चिकित्सा अभिलेख विभाग

चिकित्सा अधीक्षक
डॉ. रेणु राजगुरु
अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक
डॉ. नितिन कुमार भजनदास बोरकर
उप चिकित्सा अधीक्षक
डॉ. नितिन कुमार कश्यप
डॉ. रमेश चंद्राकर
डॉ. दिबाकर साहू
सहायक प्राध्यापक, एमआरडी के संकाय प्रभारी
डॉ. जॉयदीप सामंता
मेडिकल रिकॉर्ड अधिकारी सह उप-रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु)
श्री कल्लेश्वरा, आई.टी.

केंद्रीय चिकित्सा अभिलेख विभाग के बारे में:

केंद्रीय चिकित्सा अभिलेख विभाग के प्रमुख कार्य: -

- इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड (ईएमआर)/ इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर)
- मेडिकल रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण
- मेडिकल रिकॉर्ड के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक मोटराइज्ड कॉम्पैक्टर
- जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना एवं उनमें सुधार करना
- सभी अभिलेखों/मेडिको-लीगल मामलों का मानदंडों के अनुसार रखरखाव
- चिकित्सा लेखा परीक्षा और सांख्यिकीय अध्ययन
- पंजीकरण, बिलिंग आदि के लिए ऑनलाइन सुविधा
- मृत्यु समीक्षा बैठक/कोविड-19 मृत्यु समीक्षा बैठक, सभी प्रकार के बीमा दावों की सुविधा प्रदान करना

विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 में निम्नलिखित सेवाओं/सुविधाओं का विस्तार किया है:-

- 2324 जन्म प्रमाण पत्र जारी किये गये।
- 2259 मृत्यु प्रमाण पत्र भौतिक एवं ऑनलाइन माध्यम से जारी किया गया।
- जन्म प्रमाण पत्र में 595 तथा मृत्यु प्रमाण पत्र में 691 सुधार किये गये।
- 695 बीमा दावा सुगम बनाया गया।
- विभिन्न आरटीआई प्रश्नों के 45 उत्तर दिए गए।
- एचएमआईएस सॉफ्टवेयर में विभिन्न प्रारूप विकसित किए गए।

अस्पताल के आंकड़े

क्र. सं.	विशिष्ट	संख्या
1	कुल बाह्यरोगियों की उपस्थिति की संख्या	9,64,671
2	नए मामलों की कुल संख्या	5,25,344
3	पुराने मामलों की कुल संख्या	4,393,27
4	कोविड-19 ओपीडी की कुल संख्या	12
5	बाह्य रोगी उपस्थिति की दैनिक औसत संख्या	3,259
6	कुल बाह्य रोगी उपस्थिति संख्या	55,478
7	हताहतों में बाह्य रोगी उपस्थिति की दैनिक औसत संख्या	152
8	कुल प्रवेशों की संख्या(डेकेयर-16431)	50,459
9	कुल डिस्चार्ज की संख्या(डेकेयर-16181)	50,218
10	दैनिक औसत बिस्तर अधिभोग दर	78%
11	कुल डिलीवरी की संख्या	2,324
12	जीवित जन्मों की संख्या	2,290
13	मृत जन्मो की संख्या	34
14	कुल प्रसवों की संख्या (पूर्णकालिक सामान्य प्रसव)	993
15	कुल डिलीवरी की संख्या एलएससीएस	1,331
16	जैव रसायन में जांच की संख्या (ओपीडी और आईपीडी सहित)	36,70,657
17	सूक्ष्मजीव विज्ञान में जांच की संख्या (ओपीडी और आईपीडी सहित)	1,89,500
18	पैथोलॉजी में जांच की संख्या (ओपीडी और आईपीडी सहित)	5,25,752
19	रेडियोलॉजी में जांच की संख्या (ओपीडी और आईपीडी सहित)	2,68,395
20	निष्पादित की गई शल्य-क्रियाओं की संख्या	21,295
21	प्रमुख शल्य चिकित्सा की संख्या	12,717
22	लघु शल्य चिकित्सा की संख्या	8,578
23	कुल मृत्यु की संख्या (लाए गए मृत-437 और आकस्मिक मृत्यु- 565 सहित)	2,426
24	48 घंटे से कम समय में मृत्यु की संख्या	343
25	48 घंटे से अधिक समय में मृत्यु की संख्या	1,081
26	सकल मृत्यु दर	4.18
27	निवल मृत्यु दर	3.17
28	मृत्यु उपरांत लाया गया	437

क्र. सं.	विशिष्ट		संख्या
29	बाह्य रोगी उपस्थिति की कुल संख्या		9,64,671
30	बीमा दावों की संख्या		355
31	मृत्यु मामलों की समीक्षा		2,259
32	ओआरएस (ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली)		2,57,241
33	आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) पंजीकृत मामलों की कुल संख्या		34,333
34	**अंग दान**	यकृत दान	01
		गुर्दा	06
		नेत्रदान की कुल संख्या	
		नेत्रदान	20
		नेत्र संग्रह	40
		कॉर्निया प्रत्यारोपण	24
35	मिशन इन्द्रधनुष (टीकाकरण)		33,776
36	प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी)		8,199

बेड ऑक्यूपेंसी

महीना	महीने के दिन	बिस्तरों की संख्या	कुल प्रवेश	माह के दौरान कुल मरीज़ों की संख्या	बेड ऑक्यूपेंसी %	प्रतिदिन भर्ती होने वाले औसत मरीज
अप्रैल 2024	30	960	3429	22940	78%	114
मई 2024	31	987	3697	21586	73%	119
जून 2024	30	987	3837	21786	74%	128
